लक्ष्यं विज्ञानम्

# WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours/Programme 4th Semester Examination, 2023

## HINHGEC04T/HINGCOR04T-HINDI (GE4/DSC4)

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.*

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 1×5 = 5

   (क) स्त्रियों के आभूषण प्रेम के दुष्परिणाम को प्रेमचन्द ने अपने किस उपन्यास में दर्शाया है ?

   (ख) 'यही सच है' के रचनाकार का नाम लिखिए।

   (ग) 'हिन्दी कहानी की रचना प्रक्रिया' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।

   (घ) 'अदम्य जीवन' किस विधा की रचना है ?

   (ङ) 'दाज्यू' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए — 5×3 = 15

   (क) आभूषण पहनने से होता ही क्या है। जो रूप-विहीन हों, वे अपने को गहने से सजाएं, मुझे ईश्वर ने यों ही सुन्दरी बनाया है, मैं गहने न पहनकर भी बुरी न लगूंगी। सस्ती चीजें उठा लाए, जिसमें रुपये खर्च होते थे, उसका नाम ही न लिया।

   (ख) हमारी साहित्यिक रूचि बड़ी तेजी से बदल रही है। अब साहित्य केवल मन-बहलाव की चीज नहीं है, मनोरंजन के सिवा उसका और भी कुछ उद्देश्य है। अब वह केवल नायक-नायिका के संयोग-वियोग की कहानी नहीं सुनाता, किन्तु जीवन की समस्याओं पर भी विचार करता है और उन्हें हल करता है।

   (ग) चौधरी खानदान अपने मकान को हवेली पुकारता था। नाम बड़ा देने पर जगह तंग ही रही। दरोगा साहब के जमाने में ज़नाना भीतर था और बाहर बैठक में वे मोढ़े पर बैठकर नैचा गुड़गुड़ाया करते। जगह की तंगी की वजह से उनके बाद बैठक भी ज़नाने में शामिल हो गयी और घर की ड्योढ़ी पर परदा लटक गया।

   (घ) जिसका भगवान नहीं होता, उसका कोई नहीं होता। जेठ-जेठानी से किसी तरह पिंड छुड़ाकर यहाँ माँ की बीमारी में आई थी, वह भी मुझे छोड़कर चली गई। एक अभागा मुझे रोने को रह गया है, उसी के लिए जीना पड़ रहा है। नहीं तो पेट पर पत्थर बाँधकर कहीं डूब मरती, जंजाल कटता।

   (ङ) जिस पद पर आप आरूढ़ हुए वह आपका मौरूसी नहीं – नदी-नाव संयोग की भांति है। आगे भी कुछ आशा नहीं कि इस बार छोड़ने के बाद आपका इससे कुछ सम्बन्ध रहे। किन्तु जितने दिन आपके हाथ में शक्ति है, उतने दिन कुछ करने की शक्ति भी है।

3. 'गबन' की मूल समस्या पर विचार कीजिए। 15

   अथवा

   'रोज' कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

4. 'मलवे का मालिक' कहानी की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए। 15

   अथवा

   कहानी कला के तत्वों के आधार पर 'अकेली' कहानी की समीक्षा कीजिए।

——×——

लक्ष्यं विश्वमानम्

# WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A./B.Com. Programme 4th Semester Examination, 2023

## HINLCOR02T-HINDI (MIL)

Time Allotted: 2 Hours Full Marks: 50

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.*

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 1×5 = 5

(क) 'हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास' किसकी आलोचनात्मक कृति है ?

(ख) 'भारत-दुर्दशा' नाटक के कितने अंक है ?

(ग) 'मेले का ऊँट' साहित्य की कौन सी विधा है ?

(घ) प्रेमचंद के एक उपन्यास का नाम बताएँ।

(ङ) 'बिबिया' किसकी कृति है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — 5×3 = 15

(क) बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है। बूढ़ी काकी में जिह्वा-स्वाद के सिवा और कोई चेष्टा शेष न थी और न अपने कष्टों की ओर आकर्षित करने का, रोने के अतिरिक्त कोई दूसरा सहारा ही। समस्त इंद्रियाँ, नेत्र, हाथ और पैर जवाब दे चुके थे।

(ख) उसके समान परिश्रमी खोजना कठिन होगा। अपना ही नहीं वह दूसरों का काम करके भी आनंद का अनुभव करती थी। दादी की मुट्ठी से झाड़ू खींच वह घर-आँगन बुहार आती, भौजाई के हाथ से लोई छीनकर वह रोटी बनाने बैठ जाती, भाई की अंगुलियों से भारी स्त्री छुड़ा कर वह स्वयं कपड़ों की तह पर स्त्री करने लगती।

(ग) परीक्षा देने के पीछे और उसका फल निकलने के पहले के दिन किस बुरी तरह बीतते हैं, यह उन्हीं को मालूम है जिन्हें उन्हें गिनने का अनुभव हुआ है।

(घ) भारत मित्र संपादक ! जीते रहो, दूध बतासे पीते रहो ! भांग भेजी सो अच्छी थी। फिर वैसी ही भेजना, गत सप्ताह अपना चिट्ठा आपके पत्र (भारत मित्र) में टटोलते हुए 'मोहन मेले' के लेख पर निगाह पड़ी।

(ङ) सूर्य को बाहर निकालने के लिए सौ वर्ष दिए, मगर हर साल उसका छोटा मोटा कोना तो निकलता दिखना चाहिए। सूर्य कोई बच्चा तो है नहीं जो अंतरिक्ष के कोख में अटका है। जिसे आप ऑपरेशन करके एक दिन में निकाल देंगे।

3. कहानी कला के आधार पर प्रेमचंद कृत 'बूढ़ी काकी' की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र कृत नाटक 'भारत-दुर्दशा' की मूल समस्या पर प्रकाश डालिए।

4. हरिशंकर परसाई कृत 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' में निहित व्यंग्य को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए। 15

अथवा

हिंदी गद्य के विविध रूपों का सामान्य परिचय दीजिए।

——×——

सद्वं विश्वमानम्

# WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours 4th Semester Examination, 2023

## HINACOR08T-HINDI (CC8)

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.*

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 1×5 = 5

(क) भाषा को 'अर्थवान कंठोद्गीर्ण ध्वनि समष्टि' किसने माना है ?

(ख) किसी भी भाषा के स्वनिमों की न्यूनतम संख्या कितनी हो सकती है ?

(ग) "मैं चाहता हूँ कि तुम शिक्षित बनो।"– कैसा वाक्य है ?

(घ) 'नीरज' अर्थ विस्तार का उदाहरण है या अर्थ संकोच का ?

(ङ) 'हिंदी शब्दानुशासन' के लेखक का नाम बताइए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर टिप्पणी लिखिए — 5×3 = 15

(क) कृत्रिम भाषा

(ख) स्वनों का वर्गीकरण

(ग) वागीन्द्रिय

(घ) स्वनिम परिवर्तन

(ङ) देवनागरी लिपि की सीमाएँ।

3. भाषा का अभिलक्षण स्पष्ट करते हुए उसकी परिवर्तनशीलता पर विचार कीजिए। 15

अथवा

वाक्य-विज्ञान का अध्ययन क्यों आवश्यक है ? वाक्य की परिभाषा देते हुए वाक्य के अनिवार्य तत्त्वों पर विचार कीजिए।

4. अर्थ विज्ञान की परिभाषा देते हुए शब्द एवं अर्थ के अंतःसंबंधों पर विचार कीजिए। 15

अथवा

देवनागरी लिपि की विशेषताएँ बताते हुए उसके सुधार के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

——×——

लक्ष्यं सिद्धमानम्

# WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours 4th Semester Examination, 2023

## HINACOR09T-HINDI (CC9)

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.*

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए — 1×5 = 5

(क) 'प्रेमचन्द और उनका युग' का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(ख) 'सकीना' का सम्बन्ध किस उपन्यास से है ?

(ग) 'सुखदा' उपन्यास के रचनाकार का नाम बताइए।

(घ) 'तमस' उपन्यास पर साहित्य अकादमी पुरस्कार किस वर्ष दिया गया था ?

(ङ) 'एक कहानी यह भी' किस विधा की रचना है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — 5×3 = 15

(क) हमारे स्कूलों में भी पैसे का राज है, उससे कहीं कठोर कहीं निर्दय। देर में आइये तो जुर्माना, न आइये तो जुर्माना, सबक़ न याद हो तो जुर्माना, किताबें न खरीद सकिए तो जुर्माना, कोई अपराध हो जाए तो जुर्माना, शिक्षालय क्या है, जुर्मानालय है।

(ख) आपने उन्हें समझा तो दिया ही होगा। जरा सेहत का ख्याल रक्खा करें। और दुनिया का भी जरा लेहाज रखना चाहिए। आप जानिए बहू बेटियों की चलन की रीति-नीति हुआ करती है। अपने तो वही पुराने अकीदे हैं। अपना कुल-शील चला आता है, वह न निभा तो फिर क्या रह गया।

(ग) मुहल्ले के बीच सीमाएँ खींच गई थी। हिन्दुओं के मुहल्ले में मुसलमानों को जाने की अब हिम्मत नहीं थी और मुसलमानों के मुहल्ले में हिन्दू-सिख अब नहीं जा सकते थे। आँखों में संशय और भय उतर आए थे। लाखों का नुकसान ही नहीं सबकी दृष्टि बदल गई थी, एक दूसरे के लिए सब अजनबी बन गए थे।

(घ) मैं बुआ नहीं होना चाहती। बुआ ! छी ! देख, चिड़िया कितनी ऊँची उड़ जाती है। मैं चिड़िया होना चाहती हूँ। ----- उनके छोटे-छोटे पंख होते है। पंख खोल वह आसमान में जिधर चाहे उड़ जाती है।

(ङ) इन हरिजनों के बाप-दादे हमारे बाप-दादों के सामने सिर झुकाकर रहते थे। झुके-झुके पीठ कमान की तरह टेढ़ी हो जाती थी। और ये ससुरे सीना ताने आँख में आँख गाड़कर बात करते हैं।

3. 'कर्म भूमि' उपन्यास में निहित राष्ट्रीय चेतना पर विचार कीजिए। 15

अथवा

'त्यागपत्र' उपन्यास के आधार पर जैनेन्द्र की नारी दृष्टि की विवेचना कीजिए।

4. समसामयिक सन्दर्भ में 'तमस' उपन्यास की प्रासंगिकता को उद्‌घाटित कीजिए। 15

अथवा

"'महाभोज' आज के राजनीतिक परिस्थितियों को उजागर करने वाला उपन्यास है।"– कथन की समीक्षा कीजिए।

——×——

सत्यं शिवमानम्

# WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours 4th Semester Examination, 2023

## HINACOR10T-HINDI (CC10)

Time Allotted: 2 Hours — Full Marks: 50

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.*

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 1×5 = 5

(क) नामवर सिंह के मतानुसार कहानी में 'यथार्थवाद की विजय का उद्घोष' करने वाला पहला कहानीकार कौन है?

(ख) 'टूटना' कहानी का नायक किस कंपनी में जेनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत रहता है ?

(ग) 'फूलकारी' क्या है ?

(घ) 'हिंदी कहानी : प्रक्रिया और पाठ' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए।

(ङ) 'नव-निधि' कहानी-संग्रह के रचनाकार का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए — 5×3 = 15

(क) मेरे मन में उस समय तरह-तरह के सिद्धांत आए। मैंने स्थिर किया कि अपराध के प्रति कठोर ही होना चाहिए। रोष का अधिकार नहीं है। प्रेम से ही अपराध-वृत्ति को जीता जा सकता है। आतंक से उसे दबाना ठीक नहीं है।

(ख) जीवन में सामंजस्य बनाये रखनेवाले उपकरण तो अपनी सीमा निर्धारित रखते हैं; परन्तु उनकी आवश्यकता और कल्पना भावना के साथ बढ़ती-घटती रहती है।

(ग) उसे हर सलाह डर और बेबसी का अक्स दिखा रही थी। उसके भीतर एक भीषण तूफान हिलोरें मारने लगा था। वह चुपचाप मां का एक-एक लफ्ज सुन रही थी। बिना कोई प्रत्युत्तर दिए उठी और चूल्हा जलाने बैठ गई। चूल्हे की धधकती आग ने उसके अंतस् की जलन को और अधिक सुलगा दिया था। वह बेबसी से निजात पाना चाहती थी।

(घ) न वह उसकी गलतफ़हमी को दूर करने का प्रयत्न कर पाती है, न उसे अपनी विवशता की सफाई देने का साहस होता है। उसे लगता है कि उस जाल से बाहर निकलने के लिए वह धागे के जिस सिरे को पकड़ती है, वह खुद एक गाँठ बनकर रह जाता है।

(ङ) लेकिन, काला आदमी राजा क्या महाराजा भी हो जाय, रहेगा काला आदमी ही। साहेब के जैसा अविकल कहाँ से पावेगा! हँसकर बात उड़ा दी सभी ने।

3. "नयी कहानी आंदोलन के अधिकांश कहानीकार अपनी कहानियों में मानवीय संबंधों के विघटन की विसंगति के ईर्द-गिर्द अपनी कहानियों का ताना-बाना बुनते रहे।"— इस कथन की युक्तियुक्तता पर विचार कीजिए। 15

अथवा

'वापसी' और 'सुख' कहानियों में व्यक्त 'समृद्धि और अभाव के अन्तर्विरोध' को स्पष्ट कीजिए।

4. 'उसने कहा था' प्रेम-कहानी है या साम्राज्यवाद-विरोध की कहानी ? सोदाहरण विचार कीजिए। 15

अथवा

'प्रेमचंद भारतीय आत्मा और विवेक के शिल्पी हैं।'— इस कथन की समीक्षा कीजिए।

——×——